<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानिपत्तन प्राधिकरण, निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली पर 'स्वच्छ भारत अभियान ' के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह।

<u>नई दिल्ली, अक्तूबर 2, 2014</u> भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में कार्यरत कार्यपालकों तथा स्टाफ ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर 'स्वच्छ भारत अभियान ' के अवसर पर भारत को साफ - सुथरा रखने की शपथ ली। इस अवसर पर श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री के.के.झा, सदस्य(मा.सं.), श्री एस. सुरेश, सदस्य(वित्त), श्री वी. सोमासुन्दरम, सदस्य(एएनएस) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

भारत माता के देशभक्ति गीतों के मध्य राजीव गांधी भवन परिसर में सफाई व वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। तत्तश्चात् सभी कार्यपालकों तथा स्टाफ ने अपने कार्यलयों तथा आस-पास के स्थल की सफाई प्रारम्भ की। प्रशासन विभाग ने भाविप्रा के विभिन्न विभागों में तथा आसपास सफाई का स्तर देखने के लिए दौरा किया।

भाविप्रा कर्मचारियों में जागरुगता लाने के लिए कार्यालय परिसर में विभिन्न स्थलों पर पोस्टर, बैनर ओर डिस्पले बोर्ड लगाए गए।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें।

जीएस बावा, म.प्र.(ज.स.) - 9810025069,

011 - 24822787

सं.47/2014-15

चित्रः- भाविप्रा, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में सफाई तथा वृक्षारोपण के साथ स्वच्छ भारत अभियान का प्रारभ